**AMAR UJALA MY CITY Page 3**

# लविवि : स्नातक का पाठ्यक्रम भी बदलने की कवायद शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय परास्नातक के पाठ्यक्रम में बदलाव के बाद अब स्नातक पाठ्यक्रम में बदलाव करने जा रहा है। बदलाव के बाद सभी राज्य विश्वविद्यालयों में 70 प्रतिशत पाठ्यक्रम एक समान होगा। शेष 30 फीसदी पाठ्यक्रम जरूरत के हिसाब से तय किया जाएगा। विवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम भी सीबीसीएस प्रणाली पर आधारित होगा। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग ने भी न्यूनतम समान पाठ्यक्रम में परीक्षा में 80 फीसदी नंबर लिखित परीक्षा तथा 20 फीसदी आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर देने को कहा है। इसके साथ ही अंतिम वर्ष में कौशल विकास का एक प्रश्नपत्र रखने का निर्देश भी जारी किया गया है। लविवि ने स्नातक स्तर पर पूरी तरह से सेमेस्टर प्रणाली लागू कर दी है। परीक्षा में मिलने वाले कुल अंक में से 80 फीसदी लिखित तथा 20 फीसदी आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर देने की व्यवस्था भी लागू हो चुकी है। अब न्यूनतम समान पाठ्यक्रम के तहत इसमें बदलाव किया जाएगा। लॉकडाउन के बाद इस दिशा में काम शुरू होगा।